सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 12 अंक : 36 | इंदौर, बुधवार 26 अगस्त, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## AC का कंप्रेसर फटने से अस्पताल में लगी आग, पाकिस्तान में 15 नवजात बच्चों की दर्दनाक मौत



**इस्लामाबाद, (एजेंसी)** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद स्थित एक सरकारी अस्पताल में स्त्री रोग विभाग में लगी आग के कारण 15 नवजात की दर्दनाक मौत हो गई। खबरों के मुताबिक, पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (PIMS) में लगी एसी का कंप्रेसर फटने के कारण सुबह 7 बजे के करीब यह हादसा हुआ है। कंप्रेसर धमाके के बाद नर्सरी में तेजी से आग फैल गई और जहरीला धुआं भर गया।

अस्पताल में मौजूद केवल एक बच्चे को बचाया जा सका। PIMS प्रशासन के अधिकारियों के मुताबिक, हादसे के वक्त कुल 16 नवजात शिशु भर्ती थे। राहत टीमों द्वारा चलाए गए बचाव अभियान के बावजूद केवल एक को ही सुरक्षित बाहर निकाला जा सका, जबकि बाकी 15 बच्चों ने दम तोड़ दिया। दमकल और आपातकालीन रेस्क्यू टीमों ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और प्रभावित वार्ड में कूलिंग ऑपरेशन चलाया। PIMS की प्रवक्ता डॉ. अनीजा जलील ने पाकिस्तान अखबार 'डॉन' को बताया कि वार्ड में 16 बच्चे थे। घटना की वजह के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी मालूम होती है। उन्होंने कहा, 'एक डॉक्टर ने एक बच्चे को बचाया है।' प्रशासन ने कहा कि इस घटना की जांच के लिए एडिशनल डिप्टी कमिश्नर जनरल की अध्यक्षता में एक जांच समिति बनाई गई है। आपको बता दें कि 1985 में बना PIMS इस्लामाबाद का सबसे बड़ा और दूसरा सबसे पुराना सरकारी अस्पताल है।

## सायोनी घोष से लेकर यूसुफ पठान, TMC के बागियों को अब ओम बिरला ने भेजा नोटिस, फैसला जल्द

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** तृणमूल कांग्रेस (TMC) के भीतर जारी सियासी घमासान के बीच अब लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने भी 20 बागी सांसदों को नोटिस जारी किया है। ये कार्रवाई TMC के राष्ट्रीय महासचिव और लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी की ओर से दायर अयोग्यता याचिकाओं के सिलसिले में की गई है। स्पीकर के कार्यालय ने सभी 20 सांसदों से नोटिस प्राप्त होने के सात दिनों के भीतर अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। गौरतलब है कि अभिषेक बनर्जी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में भी इस मामले की सुनवाई चल रही है। अभिषेक ने सुप्रीम कोर्ट का रुख करते हुए आरोप लगाया था कि लोकसभा स्पीकर के समक्ष दायर अयोग्यता याचिकाओं पर समयबद्ध तरीके से फैसला नहीं किया जा रहा है। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिका पर 20 बागी सांसदों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। इसके बाद स्पीकर के कार्यालय की ओर से भी सांसदों को नोटिस जारी किए जाने की जानकारी सामने आई।

# हेल्पलाइन तक शिकायत पहुंचे उससे पहले निपटाएं जनता के काम

### मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अफसरों को दिए निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में 21 प्रमुख कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अधिकारियों को साफ निर्देश दिए हैं कि आम लोगों के काम समय-सीमा में पूरे हों और कोशिश यह रहे कि शिकायत हेल्पलाइन तक पहुंचने की नौबत ही न आए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता से जुड़े प्राथमिक कामों का समय पर निराकरण प्रशासन की पहली जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान की समीक्षा करते हुए डॉ. यादव ने कहा कि पिछले तीन सप्ताह में इसके अच्छे परिणाम सामने आए हैं। अब अभियान के तहत होने वाले शिविरों और संवाद की अगले एक महीने की योजना पहले से तैयार की जाए। त्योहार या अन्य कारणों से यदि शुक्रवार को शिविर नहीं लग पाता है तो उसे अगले दिन शनिवार को आयोजित किया जाए। कलेक्टरों को भी शिविर की जानकारी पहले से देने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आम लोगों, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को तैयारी का पर्याप्त समय मिल सके।

### अधिकारी कर्मचारी समय पर कार्यालय पहुंचे

सरकारी दफ्तरों में अधिकारियों-कर्मचारियों की समय पर मौजूदगी सुनिश्चित करने के लिए मंत्रालय, विंध्याचल और सतपुड़ा भवन में बायोमेट्रिक अटेंडेंस व्यवस्था शुरू की जाएगी। बाद में इसे प्रदेश के जिलों में भी लागू किया जाएगा। वरिष्ठ अधिकारियों को कर्मचारियों की उपस्थिति और काम की समय-सीमा पर निगरानी रखने को कहा गया है।

### ग्रामीणों को मिलेगी जमीन की मुफ्त रजिस्ट्री

ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी की जमीन की निःशुल्क रजिस्ट्री कराने की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इसके लिए राजस्व और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों की संयुक्त कमेटी बनाई जाएगी। गांवों में दखलरहित जमीन का चिन्हांकन कर भूमिहीन परिवारों को आवास पट्टे देने की प्रक्रिया भी आगे बढ़ाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे ग्रामीण परिवारों को जमीन का अधिकार मिलने के साथ बैंक से ऋण लेने में भी आसानी होगी।

### पदोन्नति की प्रक्रिया सितंबर-अक्टूबर तक पूरी करें

बैठक में नर्मदा समग्र मिशन के गठन और क्रियान्वयन की प्रक्रिया जल्द पूरी करने को कहा गया। इसका उद्देश्य नर्मदा को स्वच्छ और प्रवाहमान बनाए रखने के साथ पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण पर काम करना है। शहरी क्षेत्रों में पेयजल और सीवरेज व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने निकायों को पानी की पर्याप्त उपलब्धता और सीवरेज व्यवस्था बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इसके अलावा चित्रकूट, ओरछा, दतिया और उज्जैन जैसे धार्मिक स्थलों के विकास, सिंहस्थ-2028 की तैयारियों, सुरक्षा बलों की क्षमता बढ़ाने और लंबित पदोन्नतियों की प्रक्रिया सितंबर-अक्टूबर में पूरी करने पर भी अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

### मध्यप्रदेश में मिलावट का बड़ा खेल

# 5.61 करोड़ का माल जब्त, 25 घी ब्रांड फेल

## नागपुर का 166 किलो मिल्क केक भी अमानक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** रक्षाबंधन और आगामी त्योहारों से पहले मध्य प्रदेश में मिलावटखोरों के खिलाफ खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने बड़ा अभियान चलाया है। 20 जुलाई से 25 अगस्त तक चली कार्रवाई में 5.61 करोड़ रुपए कीमत की 11.73 लाख किलो संदिग्ध और मिलावटी खाद्य सामग्री जब्त की गई है। जांच में घी, मावा, मिठाई, पनीर और अन्य खाद्य पदार्थों के नमूनों में गड़बड़ी सामने आई है। सबसे बड़ा खुलासा घी को लेकर हुआ है। भोपाल-इंदौर समेत आठ शहरों में 25 ब्रांड के घी के नमूने अमानक मिले हैं। कुछ नमूनों में पाम ऑयल समेत अन्य मिलावट की पुष्टि हुई है। भोपाल में 9, इंदौर में 7 और उज्जैन में 3 नमूने फेल हुए हैं। इसके अलावा कटनी, नर्मदापुरम, डिंडौरी, धार और दमोह में भी घी के अमानक नमूने मिले हैं।

**4,642 नमूनों की जांच, 174 अमानक-** अभियान के दौरान प्रदेशभर से 4,642 नमूने लिए गए। इनमें 2,605 वैधानिक और 2,037 निगरानी नमूने हैं। प्रयोगशाला में जांचे गए 680 नमूनों में से 174 अमानक पाए गए। कार्रवाई में 18 प्रतिष्ठानों के लाइसेंस या पंजीयन निरस्त किए गए और 172 नोटिस जारी किए गए।



**10,835 किलो प्रतिबंधित एनालॉग पनीर जब्त-** प्रतिबंधित एनालॉग पनीर के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। विभाग ने 10,835 किलो स्टॉक जब्त किया है। इसके उत्पादन, बिक्री और उपयोग पर रोक के बाद अब ऐसे कारोबारियों पर निगरानी बढ़ाई गई है।

**नागपुर से आया 166 किलो मिल्क केक भी फेल-** भोपाल के नादरा बस स्टैंड से जब्त 166 किलो मिल्क केक का नमूना भी अमानक पाया गया। सोमवार को कार्रवाई के दौरान 150 किलो मावा और 166 किलो मिल्क केक जब्त किया गया था। जांच में मिल्क केक मानकों पर खरा नहीं उतरा। विभाग के मुताबिक यह मिल्क केक नागपुर के जरीपटका स्थित मनन स्वीट्स से भोपाल लाया गया था। खाद्य सुरक्षा नियंत्रक मनोज पुष्प ने नागपुर कलेक्टर को पत्र भेजकर संबंधित कारोबारियों पर कार्रवाई के लिए कहा है।

जनसुनवाई में विशेष पहल

# आवेदकों की सुविधा के लिए इंदौर कलेक्ट्रेट में आवेदन लेखन की विशेष व्यवस्था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सुशासन की पहल के तहत जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों को शासकीय सेवाओं का लाभ सहज एवं सरल तरीके से उपलब्ध कराने के लिए निरंतर नवाचार किए जा रहे हैं। इसी क्रम में इंदौर कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई में आने वाले आवेदकों की सुविधा के लिए आवेदन लिखने की विशेष व्यवस्था की गई है।



कलेक्टर कार्यालय में संपन्न हुई जनसुनवाई में कलेक्टर शिवम वर्मा ने आवेदकों की समस्याओं को सुना और उनका हाथों-हाथ निराकरण किया।ऐसी समस्याएं जिनका मौके पर निराकरण नहीं किया जा सका, उनके निराकरण के लिए समय सीमा तय करते हुए संबंधित अधिकारियों को निराकरण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने आज कलेक्ट्रेट में संचालित उपरोक्त विशेष व्यवस्था का अवलोकन भी किया। उन्होंने आवेदन लेखन की प्रक्रिया देखी तथा वहां उपस्थित आवेदकों से चर्चा कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने आवेदकों की समस्याएं एवं सुझाव भी सुने। इस व्यवस्था का उद्देश्य ऐसे आवेदकों को सुविधा उपलब्ध कराना है, जिन्हें शासकीय कार्यालयों में प्रस्तुत किए जाने वाले आवेदन लिखने में कठिनाई होती है। आवेदन लेखन की सुविधा मिलने से नागरिकों को अपनी समस्या अथवा मांग को व्यवस्थित रूप से संबंधित अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने में सहूलियत होगी। कलेक्टर श्री वर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवेदकों को आवेदन लेखन सहित आवश्यक मार्गदर्शन एवं सुविधाएं सहजता से उपलब्ध कराई जाएं तथा उनकी समस्याओं के निराकरण की प्रक्रिया भी सरल और प्रभावी बनाई जाए। जिला प्रशासन की इस पहल से कलेक्ट्रेट आने वाले आम नागरिकों को बेहतर सुविधा और सुगम सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं।

जनसुनवाई में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार तथा रिंकेश वैश्य, अपर आयुक्त नगर निगम श्रृंगार श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारियों ने भी आवेदकों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया। जनसुनवाई में प्रमुख रूप से पारिवारिक विवाद, संपत्ति विवाद, भूखंड आवंटन, आपसी विवाद आदि के प्रकरण प्राप्त हुए।

## आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत इंदौर जिले को किया सम्मानित



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउंट (आभा आईडी) के माध्यम से सभी हितग्राहियों का मेडिकल डाटा एक जगह संधारित करने का कार्य किया जा रहा है। इसमें हितग्राहियों का स्वास्थ्य रिकॉर्ड डिजिटल फार्म में संधारित किया जाता है, जिससे कि उपचार प्रदान करने में आसानी होती है और हितग्राही की मेडिकल हिस्ट्री को भी आसानी से ट्रेक किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि इंदौर जिले ने प्रदेश में सर्वाधिक आभा आईडी बनाए हैं। यह वर्तमान में लगभग 25 लाख 80 हजार आभा आईडी बनाए जा चुके हैं, जो कुल लक्ष्य का 73 प्रतिशत आभा कार्ड है। भोपाल में आयोजित समारोह में उक्त प्रशंसनीय कार्य के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी को उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. राजेंद्र प्रसाद शुक्ल एवं स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने सम्मानित किया गया।

## ओमीशा सोशल क्लब की फाउंडर रेणु सोलंकी के नेतृत्व में 'ग्लैमर रेनवे 26' का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** महिलाओं के सशक्तिकरण, आत्मविश्वास और उनकी प्रतिभा को एक प्रभावशाली मंच प्रदान करने के उद्देश्य से ओमीशा सोशल क्लब की फाउंडर श्रीमती रेणु सोलंकी के नेतृत्व में 'Glamour Rainways '26 – The Grand Launch & Western Bash' का भव्य आयोजन एचआर रिजॉर्ट एंड होटल, बिचोली हप्सी, कनाड़िया रोड, इंदौर में किया गया।




कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती मुग्धा गोलू शुक्ला एवं श्रीमती रचना महंत द्वारा किया गया। इस अवसर पर वंश मालवीय, डॉ. मनजीत भाटिया, सावी उपाध्याय, कृपाल सिंह मथानिया, मीना राठौर, ओलम्पिका दास मिश्रा एवं अंकिता सिसोदिया सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए शानदार रैंप वॉक प्रस्तुत किया। इसके साथ ही तंबोला गेम ने कार्यक्रम में मनोरंजन और उत्साह का माहौल बनाए रखा। महिलाओं के लिए विशेष रूप से आयोजित ब्यूटी एवं स्किन केयर सेशन में स्किन ट्रीटमेंट, मेकअप, ब्यूटी केयर तथा आधुनिक ब्यूटी ट्रेंड्स से जुड़ी उपयोगी जानकारियां साझा की गईं। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं सदस्यों के लिए विशेष डिनर एवं आतिथ्य की व्यवस्था की गई। फाउंडर श्रीमती रेणु सोलंकी ने कहा कि 'ग्लैमर रेनवे '26' का उद्देश्य केवल फैशन और मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, आत्मविश्वास बढ़ाने और एक-दूसरे से जुड़ने के लिए सकारात्मक मंच उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं सदस्यों ने आयोजन की भव्यता, व्यवस्थाओं और उद्देश्य की सराहना की। 'Glamour Rainways '26' ने महिलाओं के आत्मविश्वास और प्रतिभा को नई पहचान देने की दिशा में एक यादगार पहल के रूप में अपनी छाप छोड़ी।

## फ्लाइट में यात्री को मिर्गी का दौरा पड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। दिल्ली से इंदौर आ रही इंडिगो की फ्लाइट में मंगलवार को एक यात्री की अचानक तबीयत बिगड़ गई। सफर के दौरान यात्री को मिर्गी का दौरा पड़ा। स्थिति को देखते हुए केबिन क्रू ने तुरंत उसे संभाला और पायलट के जरिए इंदौर एयर ट्रैफिक कंट्रोल (ATC) को मेडिकल इमरजेंसी की सूचना दी।**

इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6E 649 दिल्ली से इंदौर के लिए रवाना हुई थी। यात्री की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिलते ही इंदौर एयरपोर्ट पर मेडिकल टीम को अलर्ट कर दिया गया। मंगलवार सुबह करीब 6:30 बजे फ्लाइट इंदौर एयरपोर्ट पर लैंड हुई। पहले से तैयार डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की टीम रनवे पर पहुंची और यात्री को व्हीलचेयर की मदद से प्लेन से उतारकर सीधे एयरपोर्ट स्थित मेडिकल रूम ले गई। यात्री को एयरपोर्ट परिसर के मेडिकल रूम में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी प्राथमिक जांच की और जरूरी शुरुआती उपचार दिया। इसके बाद यात्री की स्थिति स्थिर होने पर डॉक्टरों की सलाह से उसे बेहतर उपचार के लिए अस्पताल भेजने का फैसला लिया गया। यात्री को अमलतास एंबुलेंस की मदद से बांठिया हॉस्पिटल भेजा गया। वहां उसे आगे के उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

## निजी कंपनी में कार्यरत युवक की संदिग्ध मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** परदेशीपुरा इलाके में रहने वाले एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक कुलकर्णी नगर में रहने वाला निखिल (28) पुत्र विनोद राठौर रात में पानी पीने के लिए उठा था। इस दौरान वह घर में गिर गया। परिवार के लोगों की नींद खुली। उसे उपचार के लिए एमवायएच (MYH) लेकर आया गया, जहां उसकी मौत हो गई। निखिल सोमवार को महाकाल की सवारी में शामिल होकर रात में घर आया था और सीधे सोने चला गया था। परिवार के मुताबिक निखिल के दो भाई और हैं। निखिल कॉल सेंटर में काम करता था और पिता पेशे से ड्राइवर हैं। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

## भाजपा ने दिखाई ताकत, सड़कों पर वाहन चालकों की हुई आफत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भाजपा की केंद्रीय कार्यकारिणी में इंदौर संभाग के दो नेताओं को शामिल किए जाने के मौके पर निकली रैली के कारण मध्य क्षेत्र जाम की गिरफ्त में रहा। भाजपाइयों ने तो अपनी ताकत दिखा दी, लेकिन सड़कों पर वाहन चालकों की आफत भी बढ़ गई। रैली शुरू होने से पहले ही राजवाड़ा और उससे जुड़े मार्गों पर ट्रैफिक अस्त-व्यस्त हो गया था और जब रैली शुरू हुई तो कई मार्गों पर वाहनों के पहिए टस से मस नहीं हो सके। जाम में फंसे लोग नेताओं को कोसते रहे।



भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सांसद गजेंद्र पटेल को महामंत्री बनाया गया है। इसके अलावा कविता पाटीदार को राष्ट्रीय मंत्री बनाया गया है। दोनों मंगलवार को दिल्ली से इंदौर एयरपोर्ट आए। यहां भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया और वे एरोड्रम रोड से रैली की शक्ल में जवाहर मार्ग, एमजी रोड, आरएनटी मार्ग होते हुए भाजपा कार्यालय पहुंचे। मार्ग पर जगह-जगह उनके स्वागत के लिए मंच लगाए गए थे। ट्रैफिक पुलिस ने जवाहर मार्ग की गलियों में बैरिकेड लगाकर बड़े वाहनों को जाने से रोक दिया था। इस कारण एमजी रोड पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया। नंदलालपुरा, पढ़रीनाथ, राजवाड़ा और खजूरी बाजार पर वाहन चालक गुत्थम-गुत्था होने लगे। दो घंटे तक राजवाड़ा और आसपास की गलियों में यातायात बाधित होता रहा और हजारों वाहन चालक फंसे रहे। राखी त्योहार के कारण बाजारों में आम दिनों की तुलना में ज्यादा भीड़ थी, लेकिन ट्रैफिक जाम के कारण ग्राहकी भी प्रभावित हुई। कई लोगों ने मंगलवार को संभावित जाम की वजह से मार्केट जाना टाल दिया था।

# 36 मौतों का सच सामने नहीं आया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर।** भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से हुई 36 मौतों की जांच को लेकर मंगलवार को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। पीड़ितों की ओर से दायर जनहित याचिका में याचिकाकर्ता के वकील ने 600 से अधिक पन्नों की जांच रिपोर्ट का अध्ययन करने के लिए उसकी प्रति उपलब्ध कराने की मांग की। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जांच रिपोर्ट सार्वजनिक रूप से बांटी या सर्कुलेट नहीं की जा सकती। हालांकि, रिपोर्ट हाईकोर्ट रजिस्ट्रार को सौंप दी गई है और संबंधित वकील वहां जाकर इसका अध्ययन कर सकते हैं। सुनवाई के दौरान भागीरथपुरा हादसे के साथ-साथ इंदौर के अन्य क्षेत्रों में लगातार आ रही दूषित पानी की समस्याओं पर भी चर्चा हुई। कोर्ट ने कहा कि शहर में लगातार गंदा पानी आ रहा है, इस पर नगर निगम और प्रशासन की क्या तैयारियां हैं? गौरतलब है कि भागीरथपुरा का दूषित पानी कांड केवल इंदौर या मध्यप्रदेश तक सीमित नहीं रहा था। 36 लोगों की मौत और सैकड़ों लोगों के बीमार पड़ने के बाद इस घटना ने पूरे देश का ध्यान खींचा था। मामला इतना गंभीर था कि इस पर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप भी हुए और प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठे। इस मामले में करीब 8 महीने से चल रही जांच का अहम पड़ाव आ गया जब मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर पीठ के निर्देश पर गठित 1 सदस्यीय जांच आयोग ने अपनी रिपोर्ट तैयार की। 600 से ज्यादा पन्नों की रिपोर्ट हाई कोर्ट में सीलबंद लिफाफे में जमा की गई। रिटायर्ड जस्टिस सुशील कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में गठित आयोग ने घटना के कई पहलुओं की पड़ताल की। जांच के दौरान संबंधित विभागों से दस्तावेज जुटाए गए और प्रभावित लोगों के बयान भी लिए गए। आयोग ने जांच के दौरान इंदौर नगर निगम, इंदौर विकास प्राधिकरण, जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित विभागों से दस्तावेज जुटाए। प्रभावित क्षेत्र के लोगों से भी लिखित बयान आमंत्रित किए गए। अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका के साथ घटना के दौरान किए गए राहत और स्वास्थ्य संबंधी इंतजामों की भी पड़ताल की गई। मामला संवेदनशील होने के कारण जांच की प्रक्रिया को गोपनीय रखा गया।

# सफाई कर्मचारियों ने नगर निगम मुख्यालय घेरा, हड़ताल की चेतावनी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को चार पंचायतों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी नगर निगम मुख्यालय पहुंचे। कर्मचारियों ने नगर निगम कमिश्नर के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। इसके बाद कमिश्नर के नाम ज्ञापन सौंपकर मांगों के निराकरण की मांग की। प्रदर्शनकारी हाथों में तख्तियां लेकर निगम परिसर में जमीन पर बैठ गए।

सकल छावनी पंचायत के अध्यक्ष पटेल लेखराज नरवले ने बताया कि प्रदर्शन में सकल छावनी पंचायत, महावाल्मीकि पंचायत, महामना लश्करी पंचायत और वरिष्ठ जमीदारी पंचायत के पदाधिकारी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों के साथ हो रहे कथित अत्याचार के विरोध में कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि तीन दिन में मांगें मंजूर नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा और हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने ठेकेदारी प्रथा समाप्त करने, 30 साल से कार्यरत विनियमित कर्मचारियों को स्थायी करने और 15-20 साल से लगातार काम कर रहे दैनिक वेतनभोगियों को विनियमित करने की मांग रखी। इसके अलावा वर्ष 2025 से 2026 के बीच निलंबित या बर्खास्त किए गए कर्मचारियों को वेतन सहित बहाल करने की मांग भी की गई। प्रदर्शनकारियों ने कुछ अधिकारियों को हटाने की मांग भी रखी। नरवले ने कहा कि इंदौर लगातार स्वच्छता में नंबर वन रहा है। ऐसे में सफाई कर्मचारियों के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने कहा कि संगठनों की ओर से दिए गए ज्ञापन में नियमितीकरण, ठेकेदारी प्रथा समाप्त करने और अन्य मांगें शामिल हैं। प्राप्त ज्ञापन का परीक्षण किया जाएगा और जो मांगें जिस सक्षम स्तर से निराकृत होनी हैं, उन्हें वहां भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि निगम की कार्रवाई का उद्देश्य शहर की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखना है। अच्छा काम करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाता है। वहीं, काम में लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाती है। प्रदर्शनकारियों की ओर से उठाए गए सभी बिंदुओं को समझने के बाद स्थिति के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मिस्त्री ने लगाई फांसी साले से हुआ था विवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** एमआईजी इलाके में रहने वाले एक मिस्त्री ने सोमवार रात में फांसी लगाकर जान दे दी। उसकी पत्नी ढाई साल से मायके में थी। दो दिन पहले उसे घर लेकर आने को लेकर साले से मोबाइल पर कहासुनी हुई थी। मिस्त्री ने एक सुसाइड नोट छोड़ा है, जिसमें पत्नी और साले पर आरोप लगाए हैं।

पुलिस ने बताया कि बलराम (37) पुत्र मांगीलाल कीर निवासी कृष्णबाग कॉलोनी ने अपने घर में फांसी लगा ली। परिवार के लोगों ने उसे फंदे पर देखा, इसके बाद पुलिस को मामले की सूचना दी। बलराम के कपड़ों से एक चिट्ठी मिली है, जिसमें उसने अपने साले भीम और पत्नी दीपिका पर धमकाने का आरोप लगाया है। बलराम ने उसमें लिखा है कि दो दिन पहले पत्नी से मोबाइल पर बात कर रहा था, तब उन्होंने झूठे प्रकरण दर्ज कराने को लेकर धमकाया और अपशब्द कहे थे। इसके बाद वह काफी तनाव में था। पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर लिया है। परिवार के मुताबिक बलराम की शादी को करीब आठ साल हो गए थे। उसकी दो साल की बेटी है। मायके वाले बेटी के जन्म के समय दीपिका को अपने साथ लेकर गए थे, वहीं से उसे बलराम के पास वापस नहीं आने दे रहे थे। बलराम के परिवार में उसके भाई हैं और वह मूल रूप से सेमलिया चाऊ के रहने वाले हैं। हालांकि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# युवती से छेड़छाड़, विरोध पर परिजनों को पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ छेड़छाड़ और उसके परिवार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की सगाई दूसरी जगह तय होने से नाराज सिरफिरे युवक ने घर के बाहर उसका हाथ पकड़ लिया और परिजनों के आने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी ने अपने दोस्तों को बुलाकर पीड़िता, उसकी बहनों और चचेरे भाई की लात-घूंसों से पिटाई कर दी। चंदन नगर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के मुताबिक आरोपी आयुष पटेल से उसकी पिछले डेढ़ साल से दोस्ती थी। परिजनों ने हाल ही में उसकी सगाई इंदौर से बाहर पक्की कर दी थी।



सिंहस्थ से पहले विकास कार्यों से उज्जैन नगरी स्वर्ग से भी सुंदर नजर आएगी

# बाबा महाकाल की कृपा से सिंहस्थ-2028 का आयोजन भव्य और दिव्य होगा : मुख्यमंत्री

## सिंहस्थ मेला प्राधिकरण अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल ने ग्रहण किया दायित्व

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। बाबा महाकाल की कृपा से सिंहस्थ-2028 महापर्व का आयोजन भव्य, दिव्य, अद्भुत और अलौकिक होगा। सिंहस्थ के दृष्टिगत उज्जैन में किए जा रहे विकास कार्यों से महापर्व के पूर्व उज्जैन का सुंदर और सुव्यवस्थित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सिंहस्थ मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल के दायित्व ग्रहण समारोह को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ के लिए संत, प्रशासन, संगठन सभी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए अपनी भूमिका का निर्वहन करें।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संत-महात्माओं के मार्गदर्शन में शासन-प्रशासन द्वारा सिंहस्थ महापर्व के लिए श्रद्धालुओं एवं साधु-संतों की सुविधा और सेवा के लिए चाक-चौबंद व्यवस्थाएं की जा रही हैं। सिंहस्थ का आयोजन सभी की सहभागिता से होगा। जिन किसानों के पास भूमि उपलब्ध है, वे अपनी भूमि पर स्कूल, अस्पताल और हॉस्टल जैसी सुविधाएं विकसित करें, इसमें सरकार सहयोग करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन के साथ गौरव जुड़ा हुआ है और सनातन धर्म की पहचान संत-महात्माओं के कारण बनी है। उन्होंने सिंहस्थ की तैयारियों के लिए किए जा रहे विकास कार्यों में सभी वर्गों के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि विभिन्न धर्मों के लोगों ने धर्मस्थलों के लिए अपनी जगह उपलब्ध कराकर सहयोग किया है। अनेक नागरिकों ने अपने मकान और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जगह भी स्वेच्छा से उपलब्ध कराई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आने वाले समय में उज्जैन के अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों का भी विकास किया जाएगा, जिससे ये धार्मिक स्थल और अधिक भव्य स्वरूप में नजर आएंगे।

कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद संत बालयोगी उमेश नाथ महाराज ने कहा कि सिंहस्थ महापर्व करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास का केंद्र है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का ध्यान सिंहस्थ को भव्य स्वरूप देने पर केंद्रित है। स्थानीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रामेश्वरदास महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंहस्थ-2028 के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। वर्ष 2028 का कुंभ भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में आगामी सिंहस्थ महापर्व का आयोजन अद्भुत होगा। सांसद अनिल फिरोजिया ने संबोधित करते हुए कहा कि सिंहस्थ महापर्व सनातन धर्म का विश्व का सबसे बड़ा मेला है। आयोजन की तैयारियां भी उसी के अनुरूप की जा रही है। फिरोजिया ने कहा कि महाकाल लोक बनने के बाद बाबा महाकाल का आभा मंडल विश्व में प्रचारित हुआ है। सिंहस्थ मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में सिंहस्थ पर्व की ऐतिहासिक आयोजन की तैयारी शुरू हो गयी है।

# मंत्री शाह पर केस की परमिशन नहीं देगी सरकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश सरकार कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान के मामले में मंत्री विजय शाह पर केस चलाने की अनुमति नहीं देगी। सूत्रों के मुताबिक, ये फैसला मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में लिया गया है। इस मुद्दे पर चर्चा के समय खुद मंत्री शाह भी बैठक में मौजूद थे। कैबिनेट की बैठक में अभियोजन स्वीकृति नहीं दिए जाने के पीछे यह तर्क दिया गया कि शाह इस बयान पर कई बार सार्वजनिक माफी मांग चुके हैं। हालांकि, सरकार की तरफ से इसको लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। इसके उलट बैठक की ब्रीफिंग देते वक्त मंत्री राकेश सिंह ने इस मामले में चर्चा का कोई एजेंडा होने से ही इनकार कर दिया। इसी मामले में 31 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई तय है। इससे पहले राज्य सरकार अपना रुख एफिडेविट के जरिए कोर्ट के सामने रखेगी। मंगलवार को जब मंत्री विजय शाह के मामले में कैबिनेट बैठक में चर्चा शुरू हुई तो सभी अधिकारियों को बाहर जाने के लिए कहा गया। इसके बाद मुख्यमंत्री, मंत्रियों के अलावा मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव संजय कुमार शुक्ला और विधि विभाग के सचिव की मौजूदगी में इस विषय पर चर्चा कर निर्णय लिया गया।

# कूनो में फिर गायब हुई मादा चीता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**श्योपुर, एजेंसी।** कूनो नेशनल पार्क में मादा चीता निर्वा की सैटेलाइट कॉलर आईडी से लोकेशन मिलना बंद होने के बाद वन विभाग ने उसकी तलाश के लिए व्यापक अभियान शुरू किया है। पिछले चार-पांच दिनों से निर्वा की सटीक लोकेशन नहीं मिल पा रही है। कूनो प्रबंधन ने चीते की तलाश में 100 से अधिक वनकर्मियों को जंगल में उतारा है। जमीनी तलाशी के साथ संभावित इलाकों पर नजर रखने के लिए ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों की भी मदद ली जा रही है।कूनो प्रबंधन ने निर्वा की खोज के लिए पांच विशेष टीमें गठित की हैं। ये टीमें जंगल के अलग-अलग हिस्सों में लगातार गश्त कर रही हैं।

उज्जैन में 2 घंटे बारिश, सड़कों पर जाम की स्थिति

# कीचड़ में फिसला ई-रिक्शा, गड्ढे में गिरा अगले 2 दिन भी तेज बारिश का अलर्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** उज्जैन में मंगलवार को भी बारिश का दौर जारी रहा। दोपहर में तेज बारिश शुरू हुई, जो करीब दो घंटे तक चली। इससे शहर के कई इलाकों में जलभराव और यातायात की समस्या देखने को मिली। फ्रीगंज, मालीपुरा, रेलवे स्टेशन और नई सड़क क्षेत्र में जाम की स्थिति बनी रही।



उज्जैन में सोमवार को 5 मिमी और मंगलवार दोपहर तक 4.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों में भी तेज बारिश होने की संभावना है। बुधवार और गुरुवार को जिले के कई हिस्सों में तेज बारिश का दौर जारी रह सकता है। शहर में अब तक 610.4 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है।

बारिश से मौसम सुहाना हुआ, लेकिन लोगों की परेशानी भी बढ़ गई। मंगलवार को बारिश के दौरान कनीपुरा-तराना रोड पर गिरिराज रतन कॉलोनी के आगे एक ई-रिक्शा कीचड़ के कारण सड़क से नीचे उतरकर गड्ढे में जा गिरा। हादसे में चालक को चोट नहीं आई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

ई-रिक्शा चालक अंकित सोलंकी ने बताया कि उसने वाहन सड़क किनारे खड़ा किया था। सड़क के दोनों ओर बारिश के कारण कीचड़ जमा था। इसी दौरान हैंडब्रेक नहीं लगा होने और जमीन पर फिसलन के कारण ई-रिक्शा धीरे-धीरे फिसलकर सड़क से नीचे चला गया।

जनसमस्याओं और प्रशासनिक अव्यवस्थाओं को उजागर करने वाले साहसी, कर्मठ साथियो की दैनिक अखबार और न्यूज़ चैंनल में आवश्यकता है...जो लेखनी और भाषा का दक्ष हो।
इच्छुक व्यक्तित्व संपर्क करें -
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com
DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
YouTube Detective Group Report
SUBSCRIBE
समाचार और विज्ञापन के लिए संपर्क करें
+91 9111156060

जबलपुर में नाबालिग से दरिंदगी, वीडियो बनाकर दी धमकी

# सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में नाबालिग समेत पांच गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

जबलपुर, एजेंसी। जिले के शाहपुरा थाना क्षेत्र में नाबालिग के साथ यौन अपराध और ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार एक युवक ने नाबालिग का आपत्तिजनक वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी दी और अपने चार साथियों के साथ मिलकर सामूहिक दुष्कर्म किया। ब्लैकमेलिंग और लगातार धमकियों से परेशान होकर नाबालिग ने परिजनों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने मामले में एक नाबालिग सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शाहपुरा थाना प्रभारी प्रवीण धुर्वे के अनुसार क्षेत्र में रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी की एक युवक से दोस्ती हुई थी। दोनों के बीच मुलाकातें होने लगीं। आरोप है कि युवक उसे घूमने के बहाने अपने साथ ले गया और गलत काम किया। इसी दौरान उसने किशोरी का आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिया। आरोपी युवक ने यह वीडियो अपने चार अन्य साथियों को भी दिखाया। इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर किशोरी पर दबाव बनाया जाने लगा।

## संपादकीय

# घुसपैठ-मुक्त भारत का लक्ष्य

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने देश को 'बहुत कम समय में' अवैध घुसपैठ से मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए सरकार ने पिछले आठ महीनों में सीमावर्ती राज्यों से संपर्क किया है और उन्हें सीमा सुरक्षा के लिए 'चौतरफा दृष्टिकोण' वाला अपना दस्तावेज सौंपा है। केंद्र सरकार की इस नीति में सीमा की सुरक्षा के लिए सीमा की रखवाली करने वाले बलों, राज्य और जिला प्रशासन, केंद्र सरकार के संबंधित विभागों और स्थानीय लोगों को मुख्य हिस्सेदार के तौर पर शामिल किया गया है। इंटेलिजेंस ब्यूरो की ओर से आयोजित 'नेशनल सिक्योरिटी स्ट्रेटेजी कॉन्फ्रेंस' (NSSC) के समापन सत्र को संबोधित करते हुए शाह ने सीमावर्ती राज्यों से करीब 850 अफसरों को संबोधित करते हुए कहा, 'यह देश कोई 'धर्मशाला' नहीं है और यहां रहने का अधिकार सिर्फ नागरिकों को है।' NSSC का मकसद अगले 15-20 सालों में सुरक्षा से जुड़े रुझानों और चुनौतियों का अंदाजा लगाना और उनसे निपटने की रणनीतियां बनाना है। इस पर शाह ने कहा कि चुनौतियों के बड़ा रूप लेने से पहले ही उनकी पहचान करके उन्हें खत्म कर देना चाहिए। अमित शाह ने कहा, 'ऐसा इकोसिस्टम बनाकर हम एक सुरक्षित, घुसपैठ-मुक्त और नशीले पदार्थों से मुक्त भारत बना पाएंगे।' इस कार्यक्रम में केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों और बलों, राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों की पुलिस और खुफिया एजेंसियों के 850 से ज्यादा अधिकारी शामिल हुए। अमित शाह ने राज्य पुलिस बलों, केंद्रीय एजेंसियों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (CAPFs) की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने तीन हॉटस्पॉट जम्मू-कश्मीर, वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित इलाकों और पूर्वोत्तर से जुड़ी चुनौतियों को खत्म किया है। उन्होंने कहा कि अगर पिछली सरकारों ने इन समस्याओं के गंभीर होने से पहले ही इनका अंदाजा लगा लिया होता, तो देश को दशकों तक इनका खामियाजा नहीं भुगतना पड़ता। शाह ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (PFI) पर प्रतिबंध लगाने के अलावा 'एक ही रात में' (सितंबर 2022 में कई राज्यों में हुई छापेमारी में) उसके नेटवर्क को खत्म करने को केंद्र-राज्य तालमेल का एक बेहतरीन उदाहरण बताया। सभी युवा अधिकारियों को डेटा इंटीग्रेशन, एनालिसिस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए काम करने के तरीके की पहचान करके काम की जानकारी विकसित करनी चाहिए, ताकि भविष्य की चुनौतियों को रोका जा सके। उन्होंने अफसरों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य के बारे में भी बताया। मोदी जी ने 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य रखा है और विकसित भारत की पहली शर्त मजबूत आंतरिक सुरक्षा है। अगर हम हर क्षेत्र में नंबर वन बनना चाहते हैं, तो आंतरिक सुरक्षा को और मजबूत करना होगा। अमित शाह ने देश के पहले आतंकवाद विरोधी सिद्धांत 'प्रहार' (PRAHAAR) को सिर्फ कागजों तक सीमित न रखकर उसे असल में लागू करने पर जोर दिया, ताकि आतंकवाद को जड़ से खत्म किया जा सके और आतंक के इकोसिस्टम को नष्ट किया जा सके।

## ज्ञान-विज्ञान

### सुपर अल नीनो का बड़ा खतरा

# 5 करोड़ लोग भुखमरी की ओर, भारत समेत पूरी दुनिया पर संकट




संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP) ने सुपर अल नीनो ( Super El Nino ) को लेकर बहुत बड़ा खतरा जताया है। उसने कहा है कि एक शक्तिशाली अल नीनो मौसम घटना अगले साल के अंत तक दुनिया के कुछ सबसे कमजोर क्षेत्रों में लगभग 5 करोड़ अतिरिक्त लोगों को भुखमरी के कगार पर पहुंचा सकती है। शक्तिशाली अल नीनो प्रशांत महासागर की सतह का एक गंभीर गर्म जल चक्र है, जिसमें तापमान सामान्य से 2 डिग्री सेल्सियस से अधिक बढ़ जाता है। यह वैश्विक मौसम, सूखे, बाढ़ और रिकॉर्ड तोड़ गर्मी का कारण बनता है, जिससे भारत के मानसून और कृषि पर भारी संकट आ सकता है।

WFP ने एक रिपोर्ट में कहा कि एक बहुत ही मजबूत अल नीनो घटना की 81% संभावना है, जिसमें समुद्र की सतह का तापमान कम से कम 1982 के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर होगा और संभावित रूप से यह 1950 के बाद से इस तरह की सबसे मजबूत घटना होगी। विश्व खाद्य एवं परिवार कल्याण संगठन की खाद्य सुरक्षा और पोषण विश्लेषण सेवा के निदेशक जीन-मार्टिन बाउर ने पत्रकारों से कहा, 'ये ऐसी घटनाएं हैं जिन्होंने अतीत में बड़े पैमाने पर भुखमरी को जन्म दिया है।'

अल नीनो के प्रतिकूल प्रभावों के प्रति संवेदनशील माने जाने वाले 45 देशों के विश्लेषण के आधार पर, विश्व खाद्य संघ का अनुमान है कि तीव्र खाद्य असुरक्षा का सामना करने वाले लोगों की संख्या लगभग 49 मिलियन बढ़कर कुल 274 मिलियन हो सकती है, जो कि संकट-स्तर की खाद्य असुरक्षा या उससे भी बदतर स्थिति का सामना कर रही आधारभूत आबादी की तुलना में 22% की वृद्धि है।

### ● सुपर अल नीनो का किन जगहों पर ज्यादा असर ?

विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) की रिपोर्ट के अनुसार, मध्य अमेरिका और दक्षिणी अफ्रीका सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से होने की आशंका है। मध्य अमेरिका में खाद्य असुरक्षा से जूझ रहे लोगों की संख्या में 83% और दक्षिणी अफ्रीका में लगभग 75% की वृद्धि होने की संभावना है। दक्षिणी अफ्रीका के साथ-साथ दक्षिण अमेरिका और कैरेबियन क्षेत्र में भी 12 मिलियन से अधिक लोग गंभीर खाद्य असुरक्षा की चपेट में आ सकते हैं।

### ● सुपर अल नीनो से बढ़ सकती हैं फसलों की कीमतें

बॉयर ने कहा कि 2025 में अच्छी फसल के बाद वैश्विक खाद्य बाजार अपेक्षाकृत मजबूत स्थिति में अल नीनो काल में प्रवेश कर चुके हैं, लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि मध्य पूर्व में संघर्ष और मौसम संबंधी संभावित फसल नुकसान कीमतों पर और अधिक दबाव डाल सकते हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि अतीत में हुई अल नीनो घटनाओं ने आम तौर पर वैश्विक खाद्य कीमतों में भारी उछाल नहीं लाया है, लेकिन क्षेत्रीय कमी और उच्च कीमतें कमजोर परिवारों के लिए भोजन तक पहुंच को और खराब कर सकती हैं।

### ● सुपर अल नीनो का भारत पर असर

भारत में कृषि पूरी तरह से मानसून पर आधारित है। यह मानसून अल नीनो से सीधे प्रभावित होता है। सुपर अल नीनो से समुद्र की सतह के तापमान में अत्याधिक वृद्धि होती है, जो मौसम के पैटर्न को बदल देती है। इससे मानसून में देरी होती है और कई बार अनियमित वर्षा का पैटर्न भी देखा जाता है। ऐसे में अगर मानसून में देरी होती है या फिर अचानक ज्यादा बारिश होती है, तो इनसे फसलों के खराब होने की आशंका बढ़ जाती है।



Uttarpradesh

# बांके बिहारी मंदिर के चढ़ावे में हेराफेरी? पॉलीथिन में दान ले रहे भंडारी, ऐक्शन में सुप्रीम कोर्ट

**वृंदावन, (एजेंसी)** वृंदावन के श्रीबांके बिहारी मंदिर में चढ़ावे की हेराफेरी के आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सख्त रुख अपनाया। साथ ही निर्देश दिया कि चढ़ावे का एक-एक पैसा दान पेटियों में या मंदिर के ऑनलाइन कोष में जमा होना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने मंदिर के कामकाज की निगरानी कर रही उच्चस्तरीय समिति की स्टेटस रिपोर्ट पर दी गई वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह की दलीलों पर गौर किया।

मनिंदर सिंह ने तस्वीरें अदालत के सामने रखते हुए कहा कि बहुत गंभीर समस्याएं हैं और इस मामले में



तुरंत कार्रवाई की जरूरत है। उन्होंने आरोप लगाया कि सेवायतों के भंडारी श्रद्धालुओं से सीधे तौर पर चढ़ावा ले रहे हैं। उन्होंने कहा, 'एक वीडियो है। तीन लोग पारंपरिक दान पेटी के सामने खड़े हैं और श्रद्धालुओं से पैसे लेकर उन्हें अपनी पॉलीथिन की थैलियों में डाल रहे हैं।'

समिति की ओर से सौंपी गई रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि ऑनलाइन दान के लिए लगाए गए क्यूआर कोड को खराब कर दिया गया या पूरी तरह ढक दिया गया जिसकी वजह से श्रद्धालु उन्हें देख या इस्तेमाल नहीं कर पा रहे थे। सिंह ने कहा कि समिति पर धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया जा रहा है, जबकि कथित तौर पर चढ़ावे को मंदिर के कोष तक पहुंचने से पहले ही दूसरी जगह भेज दिया जा रहा था।

Uttarpradesh

## UP से बिहार शराब ले जाकर सप्लाई करता था कोच अटेंडेंट, पुलिस ने दबोचा

**बलिया, (एजेंसी) उत्तर प्रदेश के बलिया रेलवे स्टेशन पर रेलवे पुलिस (GRP) ने शराब तस्करी के आरोप में गरीब नवाज एक्सप्रेस के एक कोच अटेंडेंट को गिरफ्तार किया है. पुलिस का आरोप है कि वह उत्तर प्रदेश से शराब खरीदकर बिहार ले जाता था और वहां ऊंची कीमत पर बेचता था. बिहार में शराबबंदी के चलते वहां शराब की मांग और कीमत अधिक होने का फायदा उठाकर आरोपी कथित तौर पर मुनाफा कमाता था.**

एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक GRP बलिया स्टेशन प्रभारी राज कपूर सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान बिहार के भागलपुर जिले के रंगरा थाना क्षेत्र के कुमादपुर गांव निवासी 28 वर्षीय राहुल कुमार राम के रूप में हुई है. उसे मंगलवार को बलिया रेलवे स्टेशन पर चल रही चेकिंग के दौरान पकड़ा गया.

यूपी और बिहार से खरीदकर ले जाता था शराब

पुलिस के मुताबिक तलाशी के दौरान राहुल के बैग से दो दर्जन से अधिक शराब की बोतलें बरामद हुईं. पूछताछ में उसने बताया कि वह ट्रेन नंबर 15716 गरीब नवाज एक्सप्रेस में कोच अटेंडेंट के तौर पर काम करता था. आरोप है कि वह उत्तर प्रदेश और अन्य जगहों से शराब खरीदकर उसे बिहार ले जाता था.

पुलिस ने बताया कि आरोपी ने बलिया में शराब खरीदी थी और उसे लेकर बिहार जाने के लिए ट्रेन का इंतजार कर रहा था. इसी दौरान GRP की नजर उस पर पड़ी और चेकिंग के दौरान उसे पकड़ लिया गया. अधिकारी के अनुसार आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है. पुलिस ने पूछताछ और कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद राहुल कुमार राम को जेल भेज दिया है.

New Delhi

## चीनी के दाम धड़ाम: 6000 के नीचे आया थोक भाव, रिटेल में भी बड़ी राहत

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** मोदी सरकार के एक्शन के बाद चीनी के दाम तेजी से नीचे आ रहे हैं। दो दिन में खुदरा बाजार में चीनी 5 से 7 रुपये प्रति किलो तक सस्ती हुई है। जबकि थोक भाव 6000 से भी नीचे आ गए हैं। ChiniMandi के ताजा रेट्स के मुताबिक दिल्ली में मंगलवार को चीनी 63 रुपये किलो बिकी। इसका हाई 68 रुपये था। वहीं, चीनी की कीमत कानपुर में अब 69 की जगह 63 रुपये पर आ गई है। मुंबई में चीनी का भाव अब 68 रुपये से घटकर 62 रुपये, गुवाहटी में 71 से घटकर 64, हैदराबाद में 70 से घटकर 63 और चेन्नई में 70 रुपये से घटकर 67 रुपये किलो रह गई। हालांकि कुशीनगर, गोरखपुर, बस्ती, महराजगंज जिलों में चीनी का फुटकर भाव अभी भी 60 से 65 रुपये किलो ही है। अगर होलसेल प्राइस की बात करें तो मुंबई और रायपुर में चीनी के दाम 6000 रुपये प्रति क्विंटल के नीचे आ गए हैं। मुंबई में दाम 850 रुपये गिरे हैं। दिल्ली में चीनी 6000 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गई है। यह 6600 रुपये पर पहुंच गई थी। कानपुर में भी चीनी के दाम में बड़ी गिरावट है। यहां एक क्विंटल चीनी 6050 रुपये पर आ गई है।

Bihar

## बिहार में रफ्तार का कहर: कीर्तन कर रहे लोगों को कार ने कुचला, पांच की मौत; एक की हालत नाजुक

**सुपौल, (एजेंसी)** सुपौल जिले के पिपरा थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। कटैया चौक के समीप NH-327E पर सड़क किनारे कीर्तन कर रहे लोगों को एक तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई और आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई।

जानकारी के अनुसार, कटैया चौक के पास झूलन पूजा के मौके पर कुछ लोग सड़क किनारे कीर्तन कर रहे थे। इसी दौरान पिपरा की ओर से तेज रफ्तार से आ रही कार अनियंत्रित हो गई और कीर्तन कर रहे लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में तिलो दास, राजो दास और सुरेंद्र यादव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

हादसे में गंभीर रूप से घायल भुवनेश्वरी यादव और कृष्णा साह की सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस तरह घटना में अब तक कुल पांच लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, घायल रामचंद्र यादव को सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही पिपरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालने में जुट गई। दुर्घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने विरोध में सड़क जाम कर दिया। इससे NH-327E पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया और जाम हटाने की कोशिश शुरू की।

खेल

जीसीटी ग्रैंड फिनाले

# विंसेंट कीमर को हराकर फाइनल में पहुंचे प्रज्ञानंद, अब होगी कारुआना से टक्कर

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानंद ने जर्मनी के विंसेंट कीमर पर 19-9 की शानदार जीत हासिल करके आसानी से ग्रैंड शतरंज टूर (जीसीटी) के अंतिम चरण के फाइनल में जगह बनाई। प्रज्ञानंद का फाइनल में मुकाबला खिताब के प्रबल दावेदार और मौजूदा चैंपियन अमेरिका के फैबियानो कारुआना से होगा।



### प्रज्ञानंद का शानदार प्रदर्शन

1. भारतीय खिलाड़ी ने दूसरा क्लासिकल गेम जीतने के बाद अंतिम दिन से पहले छह अंकों की बड़ी बढ़त हासिल कर ली थी।
2. उन्होंने लगातार दो रैपिड मुकाबलों में कीमर को हराकर 17-3 की अजेय बढ़त हासिल करके फाइनल में अपनी जगह पक्की कर दी।
3. इसके बाद ब्लिट्ज के पहले गेम में एक और जीत ने उनके अंकों की संख्या 19 तक पहुंचा दी।
4. कीमर ने आखिरी तीन ब्लिट्ज गेम जीतकर वापसी की, लेकिन इससे हार का अंतर ही कम हुआ।
5. कारुआना ने ब्लिट्ज गेम में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर 18-9 से जीत हासिल की।
6. उन्होंने मौकों का पूरा फायदा उठाया और अमेरिका के अपने हमवतन खिलाड़ी वेस्ली सो को हराया।

**क्या है इनामी राशि?-** जीसीटी के फाइनल की कुल पुरस्कार राशि 450,000 अमेरिकी डॉलर है जिसमें से 200,000 अमेरिकी डॉलर विजेता को मिलेंगे। फाइनल में हारने वाले खिलाड़ी को125,000 अमेरिकी डॉलर मिलेंगे। तीसरे स्थान के लिए होने वाले प्ले-ऑफ में कीमर का मुकाबला वेस्ली सो से होगा। यहां शीर्ष पर रहने वाले तीन खिलाड़ी अगले साल होने वाले ग्रैंड शतरंज टूर के लिए सीधे क्वालिफाई करेंगे।

सिनेमा

## 'भाई, रुको जरा', राहुल गांधी पर कंगना रनौत ने कसा तंज, कृति सेनन के राखी ऐड को सपोर्ट से भड़की चिंगारी!



कृति सेनन के लेटेस्ट राखी विज्ञापन पर खूब बवाल मचा हुआ है, जिस पर राहुल गांधी ने उनका समर्थन किया था। उन्होंने महिलाओं की पसंद और आजादी पर अपने विचार रखते हुए साथ में #SmashThePatriarchy लिखा था। अब इसी पर एक्ट्रेस और बीजेपी सांसद कंगना रनौत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को निशाने पर ले लिया। उन्होंने बीजेपी के इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया और राहुल गांधी पर तंज कसा। कंगना रनौत ने राहुल गांधी के 'स्मैश द पैट्रियार्की' कमेंट को लेकर इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, 'ब्रो, रुको। भारत माता की जय। शुरू करते हैं।' बता दें कि राहुल गांधी के बयान की बीजेपी ने भी आलोचना की। पोस्ट में तस्वीरों के जरिए बातचीत की एक सीरीज दिखाई गई, जिसमें बीजेपी ने महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर कांग्रेस के रिकॉर्ड और रुख पर सवाल उठाए। एक पैनल में गांधी को 'पितृसत्ता को खत्म करो'(Smash the Patriarchy!) कहते हुए दिखाया गया है, जिस पर एक महिला जवाब देती है, 'भाई, जरा रुको। भारत माता की जय। चलो शुरू करते हैं।' एक और तस्वीर दिखाई है, जिसमें राहुल गांधी फिर कहते हैं, 'वही वोट बैंक का खेल है भाई, लेकिन पितृसत्ता को खत्म करो।' इस पर महिला जवाब देती है, 'लेकिन आपकी पार्टी ने शुरू में महिला आरक्षण बिल के खिलाफ वोट दिया था।' इसके बाद बातचीत ट्रिपल तलाक की ओर मुड़ जाती है, जिसमें राहुल गांधी कहते हैं, 'अरे, वह तो पूरी तरह से वोट बैंक की राजनीति थी, लेकिन पितृसत्ता को तो खत्म करना ही चाहिए। महिला ने जवाब दिया, 'ट्रिपल तलाक?' फिर राहुल गांधी कहते हैं, 'पिंजरा तोड़ो!', जिस पर महिला पूछती है, 'शाह बानो?'

## Highlights

1. **India & China could help Trump get out of Iran war: Hillary Clinton**
2. **Mumbai MLAs' questions in Assembly drop 72% over 15 years: Report**
3. **Iran blacklists 2 Indian & 1 Pakistani ship among 45 for Strait of Hormuz 'violations'**
4. **H1N1 accounts for 98% of this season's flu cases: ICMR**
5. **Man steals cash, gold worth ₹50 lakh from his home, spends money on girlfriend; father files FIR**
6. **Woman says 'Khan Sir was having affair with my roommate', accuses him of trying to kill her**
7. **Tight slap on face of Pak lovers in Congress: BJP after ex-CDS reveals hitting Pak's Kirana Hills**

# Sensex, Nifty open higher amid sharp drop in crude oil prices

**NEW DEIHI, (Agency).** Benchmark stock indices Sensex and Nifty opened in green on Wednesday, August 26, after closing higher the previous day, driven by buying in the final hour amid a sharp drop in crude oil prices.

The 30-share BSE Sensex on Tuesday settled higher by 286.98 points, or 0.37 per cent, at 77,656.09, according to data cited in a PTI news agency report. As many as 24 of its constituents ended in gains, and six in losses. During the day, it hit a high of 77,666.39 and a low of 77,125.91.

The 50-share NSE Nifty also remained volatile before ending higher by 115.50 points, or 0.48 per cent, at 24,334.55 on fag-end buying.




Among the 30 Sensex firms, InterGlobe Aviation, Adani Ports, Infosys, Trent, Titan and State Bank of India were the major winners.

Eternal, HCL Tech, Power Grid and Bajaj Finserv were among the major laggards.

Brent crude, the global oil benchmark, declined 3 per cent to USD 89.32 per barrel.

"The much-anticipated US sanctions against Iran fell short of market expectations, causing crude oil prices and bond yields to moderate from their recent peaks. This relief in energy costs aided a moderately positive close today on the monthly expiry day," Vinod Nair, Head of Research, Geojit Investments Limited, said.

Indian equity markets ended modestly higher on Tuesday, recovering from intraday lows as a sharp retreat in energy prices improved sentiment and triggered short covering on the monthly derivatives expiry," Ponmudi R, CEO of Enrich Money, an online trading and wealth tech firm, said.



पुलिस का एक्शन

# 1500 से ज्यादा मॉडिफाइड साइलेंसर रोड रोलर से कुचले, कीमत 75 लाख रुपए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में मॉडिफाइड बुलेट के तेज और कानफोड़ू साइलेंसरों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पिछले दिनों बुलेट चालकों से जब्त किए गए 1500 से अधिक प्रतिबंधित साइलेंसरों को रोड रोलर चलाकर नष्ट कर दिया गया। सड़क पर बड़ी संख्या में साइलेंसर रखकर उन पर रोड रोलर चलाया गया, जिससे वे पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।**

ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक, जब्त किए गए साइलेंसरों की अनुमानित कीमत करीब 75 लाख रुपये है। पुलिस का कहना है कि इन साइलेंसरों को नष्ट करने का उद्देश्य इन्हें दोबारा वाहनों में इस्तेमाल होने से रोकना है। मॉडिफाइड साइलेंसर से निकलने वाली तेज आवाज से ध्वनि प्रदूषण बढ़ता है और आम लोगों को परेशानी होती है।



पिछले दिनों ट्रैफिक पुलिस ने शहर के अलग-अलग इलाकों में बुलेट वाहनों की जांच की थी। इस दौरान बड़ी संख्या में ऐसे साइलेंसर मिले थे, जिनसे तेज आवाज निकलती थी। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने इन साइलेंसरों को जब्त कर लिया था। पुलिस के अनुसार, खासतौर पर देर रात तेज आवाज वाले साइलेंसरों से बुजुर्गों, बच्चों और मरीजों को परेशानी होती है। कंपनी द्वारा निर्धारित मानक से छेड़छाड़ कर प्रतिबंधित साइलेंसर लगाना यातायात नियमों का उल्लंघन है। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में कंपनी द्वारा निर्धारित मानक वाले साइलेंसर का ही इस्तेमाल करें। अब ट्रैफिक पुलिस की नजर प्रतिबंधित साइलेंसर बेचने वालों पर भी है। पुलिस ऐसे दुकानदारों और विक्रेताओं की जानकारी जुटा रही है, जो वाहनों में लगाने के लिए तेज आवाज वाले या प्रतिबंधित साइलेंसर उपलब्ध कराते हैं। ऐसे विक्रेताओं के खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने संकेत दिया है कि मॉडिफाइड साइलेंसर के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# 3 थानों के टीआई बदले और कई अफसर अटैच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पुलिस महकमे में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया। पुलिस आयुक्त संतोष सिंह ने इस संबंध में आधिकारिक सूची जारी की है। हाल ही में टीआई से डीएसपी पद पर पदोन्नत हुए 3 अधिकारियों को पुलिस आयुक्त कार्यालय में अटैच किया गया है। वहीं 3 प्रमुख थानों में नए प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। इसके अतिरिक्त डीआरपी लाइन में मौजूद 2 अधिकारियों को क्राइम ब्रांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है।**

रावजी बाजार थाने से डीएसपी उमेश यादव, परदेशीपुरा थाने से आरडी कानवा और छोटी ग्वालटोली थाने से संजू कामले को पुलिस आयुक्त कार्यालय में अटैच किया गया है। पदोन्नति के बाद इन अधिकारियों के स्थान पर नए प्रभारियों की तैनाती की गई है। अब रावजी बाजार थाने की कमान दीप सिंह को, परदेशीपुरा की कमान पंकज द्विवेदी को और छोटी ग्वालटोली थाने की कमान जितेंद्र यादव को सौंपी गई है। प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए डीआरपी लाइन से लोकेन्द्र सिंह खडैत और राजकुमार रघुवंशी को क्राइम ब्रांच में पदस्थ किया गया है। पंकज द्विवेदी को दूसरी बार परदेशीपुरा थाने की जिम्मेदारी दी गई है। वह वरिष्ठ टीआई हैं, लेकिन विभागीय जांच की प्रक्रिया जारी होने के कारण हालिया सूची में उनका प्रमोशन नहीं हो सका। जितेंद्र यादव को पूर्व में हुए सोनाकांड प्रकरण के बाद तुकोगंज थाने से हटाकर क्राइम ब्रांच स्थानांतरित किया गया था। लगभग 5 माह के समयांतराल के बाद उन्हें पुनः थाना प्रभारी के रूप में जिम्मेदारी मिली है। दीप सिंह की रावजी बाजार थाने में यह पहली पोस्टिंग है।

# बदमाश मुख्तियार की 4 करोड़ की संपत्ति सीज



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। क्राइम ब्रांच ने जमीन मालिकों से अवैध कब्जे छोड़ने के बदले रुपए मांगने के मामले में गिरफ्तार बदमाश मुख्तियार की करीब 4 करोड़ रुपए की संपत्ति सीज की है। सोमवार को क्राइम ब्रांच की टीम टीआई जितेंद्र यादव के नेतृत्व में मुख्तियार को लेकर उसके घर पहुंची थी। जांच के दौरान अवैध शेड में बने गोदाम और दुकानों से जुड़े दस्तावेज मिले।

क्राइम ब्रांच ने मुख्तियार से इन संपत्तियों की खरीदी और मालिकाना हक से जुड़े दस्तावेज मांगे। संतोषजनक जानकारी नहीं मिलने के बाद टीम ने उससे जुड़ी संपत्तियों का मौके पर निरीक्षण किया और उन्हें सीज करने की कार्रवाई की। मुख्तियार के खिलाफ वर्ष 2018 में विजयनगर पुलिस ने कार्रवाई की थी। उस समय एक नाबालिग को धमकाने और टॉयलेट शीट चटवाने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने केस दर्ज किया था। इसके बाद जमीन विवाद से जुड़े कई पीड़ित सामने आए। पुलिस के मुताबिक मुख्तियार के खिलाफ अब तक करीब 35 अपराध दर्ज हो चुके हैं। पुलिस के मुताबिक जेल से बाहर आने के बाद भी मुख्तियार पर राधिका कुंज इलाके की जमीनों पर कब्जे करने के आरोप लगे। हाल ही में क्राइम ब्रांच ने उसे जमीन मालिकों से अवैध कब्जे छोड़ने के बदले रुपए मांगने के मामले में गिरफ्तार किया था। डीसीपी राजेश त्रिपाठी के निर्देशन में क्राइम ब्रांच मुख्तियार की संपत्तियों की जानकारी जुटा रही है। पुलिस ने फिलहाल करीब 4 करोड़ रुपए की संपत्ति सीज की है और इनसे जुड़े दस्तावेजों की जांच जारी है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक